ज्यादा देर मोबाइल का प्रयोग करना सेहत के लिए खराब : कुलपति

(आज समाचार सेवा)

पटना। पटना मेनोपॉज सोसाइटी, ग्लोबल ऑर्थोपेडिक फोरम, पटना ऑर्थोपेडिक सोसाइटी और लायंस क्लब ऑफ पाटलिपुत्र आस्था के संयुक्त तत्वावधान में अक्षत सेवा सदन में ऑस्टियोसार्कोपेनिया विषय पर चिकित्सा जागरूकता एवं सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में चिकित्सा जगत के दिग्गजों, फिजियोथेरेपिस्ट्स और आम जनता सहित 150 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लेकर विभिन्न विषयों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का उद्घाटन पटना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.अजय कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित करते हुए कहा कि अधिक समय मोबाईल का उपयोग करना हमारे सेहत के लिए खराब हैं। हमारे सेहत के लिए मोबाइल का ज्यादा उपयोग करना सही नहीं हैं। वर्त्तमान समय में हमारे समाज में हड्डियों



और जोड़ों से जुड़ी समस्याएं बहुत तेजी से बढ़ रही हैं। इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आम जनता को समय रहते सचेत करने और एक स्वस्थ समाज के निर्माण में बेहद मददगार साबित होते हैं। बिहार ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के अध्यक्ष डा.अमूल्य कुमार सिंह ने कहा कि ऑस्टियोसार्कोपेनिया हमारे समाज में एक बेहद ज्वलंत और खतरनाक समस्या बनकर उभर रही है, लेकिन सबसे बड़ी विडंबना यह है कि आमजनता अभी भी इस बीमारी के प्रति पूरी तरह से अनजात हैं। पटना ऑर्थोपेडिक सोसाइटी के अध्यक्ष डा.नीलम ने महिलाओं के स्वास्थ्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मेनोपॉज के बाद महिलाओं में हड्डियों और जोड़ों की बीमारियां पुरूषों की तुलना में बहुत अधिक देखी जाती हैं। शरीर में होने वाले हार्मोनल बदलावों के कारण उन्हें विशेष देखभाल, सही परामर्श एवं निरंतर चिकित्सीय ध्यान की जरूरत होती हैं। कार्यक्रम में डा.जिबेन्दु चौधरी, डा.नूतन नारायण, डा.जारीना रहमान, डा.अंजना सिंह, डा.रवि प्रकाश, डा.पीयूष कुमार सिंह, डा.शब्बाज खान, डा.मनोज मिश्रा, डा.अलका, डा.निशांत कुमार समेत अन्य वरीय चिकित्सक उपस्थित थे।

सीवान में चार पटाखा दुकानें व गोदाम सील

सीवान। जामो थाना क्षेत्र के आलमपुर गांव में हुए भीषण पटाखा विस्फोट के बाद जिला प्रशासन ने अवैध पटाखा कारोबार और असुरक्षित भंडारण के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। घटना में हुए जान-माल के नुकसान को गंभीरता से लेते हुए शनिवार को अनुमंडल पदाधिकारी आशुतोष कुमार गुप्ता के नेतृत्व में जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान शहर के घनी आबादी वाले तेलहटा बाजार और नया बाजार स्थित पटाखा दुकानों की सघन जांच की गई। जांच के क्रम में चार पटाखा दुकानों और उनके गोदामों को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। आलमपुर विस्फोट के बाद प्रशासन ने पटाखों के निर्माण, भंडारण और बिक्री में सुरक्षा मानकों के पालन को लेकर सख्ती बढ़ा दी है।

अनंत सिंह समेत तीन नेताओं पर राजद का तंज

(आज समाचार सेवा)

पटना। बिहार की राजनीति में अनंत सिंह के खिलाफ जदयू की कार्रवाई के बाद राष्ट्रीय जनता दल ने 2024 के सियासी घटनाक्रम को याद करते हुए अनंत सिंह, आनंद मोहन और प्रह्लाद यादव पर निशाना साधा है। राजद ने तीनों नेताओं को विश्वासघाती बताते हुए कहा कि सत्ता के लिए पाला बदलने वालों को अब अपने फैसलों का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। पार्टी ने सोशल मीडिया पर तंज कसते हुए लिखा कि तीनों अपने अपने तरीके से परिवार सहित परेशान हैं। राजद ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्ट में कहा कि ईश्वर की लाठी में आवाज नहीं होती और बुरे कर्मों का परिणाम भी बुरा ही होता है। पार्टी ने लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव का उल्लेख करते हुए कहा कि सत्ता के लिए उन्होंने कभी अनैतिक रास्ता नहीं अपनाया। राजद के मुताबिक तेजस्वी यादव ने विधानसभा में विश्वासघात करने वाले विधायकों को उनके फैसले के संभावित परिणामों के प्रति आगाह किया था।

12 फरवरी 2024 को बिहार विधानसभा में नीतीश कुमार की सरकार के विश्वास मत के दौरान राजद के तीन विधायकों ने पार्टी का साथ छोड़कर एनडीए के पक्ष में रुख अपनाया था। इनमें अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी, आनंद मोहन के बेटे चेतन आनंद और प्रह्लाद यादव शामिल थे। राजद अब अनंत सिंह के खिलाफ जदयू की कार्रवाई को उसी राजनीतिक घटनाक्रम से जोड़कर देख रहा है। राजद ने नीलम देवी को लेकर भी तंज कसा है। पार्टी का आरोप है कि राजनीतिक फैसलों और पारिवारिक परिस्थितियों के कारण उन्हें नुकसान उठाना पड़ा है। हालांकि नीलम देवी के खिलाफ जदयू की कार्रवाई और उसकी आधिकारिक स्थिति की स्वतंत्र पुष्टि आवश्यक है। राजद ने आनंद मोहन को भी निशाने पर लिया। पार्टी से जुड़े आरोपों के मुताबिक आनंद मोहन अपने बेटे चेतन आनंद को बिहार सरकार में मंत्री बनवाने और पत्नी लवली आनंद को केंद्र में मंत्री पद दिलाने के लिए प्रयासरत थे। राजद ने संकेत दिया कि सत्ता पक्ष के साथ जाने के बावजूद उनकी राजनीतिक अपेक्षाएं पूरी नहीं हुईं। राजद ने प्रह्लाद यादव का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्हें भी जदयू से अपेक्षित राजनीतिक लाभ नहीं मिला। सूर्यगढ़ा सीट से विधायक रहे प्रह्लाद यादव को 2025 के विधानसभा चुनाव में जदयू ने टिकट नहीं दिया था।

अनंत सिंह के निष्कासन का फैसला सही : चंदन

(आज समाचार सेवा)

पटना। जनता दल (यूनाइटेड) के प्रदेश प्रवक्ता श्री चंदन कुमार सिंह ने जारी बयान में कहा कि मोकामा के विधायक अनंत सिंह ने दली अनुशासनहीनता की सारी सीमाएं पार कर दी थीं। ऐसे में दलहित में उनके निष्कासन का फैसला पूरी तरह उचित है। उन्होंने कहा कि पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से जद (यू) के अधिकृत प्रत्याशी श्री नीरज कुमार के खिलाफ लगातार बयानबाजी करना और पार्टी के हितों के विपरीत कार्य करना किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि अनंत सिंह के निष्कासन के साथ ही पार्टी ने दल-बदल कानून के तहत उनकी विधानसभा सदस्यता समाप्त करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष से भी आग्रह किया है।

उन्होंने कहा कि अनंत सिंह ने पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी श्री नीरज कुमार के खिलाफ केवल बयानबाजी ही नहीं की, बल्कि विपक्षी दल के उम्मीदवार के पक्ष में विभिन्न क्षेत्रों में जाकर वोट भी मांगे और पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ काम किया। यह पार्टी के अनुशासन और निर्धारित मर्यादाओं के बिल्कुल विपरीत था।

वाहन लूटकांड का खुलासा, छह गिरफ्तार

खिजरसराय। पटना जंक्शनसे आनलाइन चारपहिया वाहन बुक कर अतरी थाना क्षेत्रमें लूटकी वारदातको अंजाम देनेवाले गिरोहका पुलिस ने खुलासा किया है। इस मामले में पुलिसने छह बदमाशोंको गिरफ्तार किया है। इनके पाससे लूट में इस्तेमालकी गई एक कार, सात मोबाइल और 59 हजार रुपये नकद बरामद किए गए हैं। लूटी गई गाड़ी को आरोपितों ने बेच दिया था। पुलिस उसकी बरामदगी के लिए छापेमारी कर रही है। रविवार को नीमचक बथानी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेंद्र सिंहने अनुमंडल कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान उक्त जानकारी दी।

नवविवाहित वर का हुआ चुमावन

पटना (आससे)। राजधानी में रविवार को शरद पूर्णिमा पर मिथिलांचल के नवविवाहित वर का

कोजागरा

कोजागरा मनाया गया। इसमें दूल्हे की ससुराल से चुमावन का डाला, नूतन वस्त्र, भोज्य सामग्री, पान-सुपारी, मखान, फल, दही, नारियल, पाग, कौरी, कलात्मक माला व मिष्ठान का भार आया। शरद पूर्णिमा की शाम को नवविवाहित वर को घर-परिवार के बड़े-बुजुर्ग ने पहले दूर्वाक्षत दिया फिर लोकगीत के साथ चुमावन हुआ। वर की मां समेत सभी उपस्थित सुहागिन महिलाएं दूल्हे को चुमायीं। इसके बाद दूल्हे की मां मिथिलानी हास्य-व्यंग करती हुई



खुशियां जाहिर करते हेतु मखाना लुटायी। रात्रि में नवविवाहित वर अपने साले के साथ कौरी का खेल खेले,जिसमें बहन,भाभी सहित पारंपरिक व लोकगीत में सोहर-बधाइयां गायीं। आगंतुकों और मेहमानों के बीच पान, सुपारी व मखान का वितरण किया गया।

पटना स्नातक-शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना के लिए अधिकारियों को प्रशिक्षण

(आज समाचार सेवा)

पटना। पटना स्नातक एवं पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए शनिवार को प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें मतगणना की प्रक्रिया, निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों और तकनीकी एवं प्रक्रियात्मक पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों ने कहा कि विधान परिषद निर्वाचन की मतगणना एक संवेदनशील और महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। इसके लिए सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को पूरी सतर्कता, गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया। मतगणना की प्रत्येक प्रक्रिया को सटीकता और पारदर्शिता के साथ पूरा करने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही निर्धारित समय सीमा का पालन करने और निर्वाचन आयोग के सभी दिशा निर्देशों एवं प्रोटोकॉल का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य मतगणना में लगे अधिकारियों और कर्मियों को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराना तथा मतगणना प्रक्रिया को त्रुटिरहित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना है।

स्तन कैंसर के बारे में लोगों में जागरूक होना अत्यंत आवश्यक:डा.राजेश गोस्वामी

(आज समाचार सेवा)

पटना। कैंसर जागरूकता को लेकर सन अस्पताल पाटलिपुत्र के द्वारा आयोजित पिंक असेम्बली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डा.ए.पी.जे.अब्दुल कलाम साइंस सिटी में किया गया। कार्यक्रम संयोजक डा.राजेश कुमार गोस्वामी ने बताया कि महिलाओं में होने वाले कैंसर में ब्रेस्ट कैंसर पहले नंबर पर है और बिना किसी पारिवारिक इतिहास या स्पष्ट जोखिम कारक के भी यह महिलाओं को प्रभावित करता है। ऐसे में बिमारी के बारे में जागरूक होना बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने बताया कि महिलाओं में स्तन या बगल में कोई



गांठ होना, स्तन के आकार में या स्वरूप में परिवर्त्तन होना, निपल के अंदर की ओर खिंचना या कोई असमान्य स्त्राव को नजरअंदाज न करें। समय पर विशेषज्ञ चिकित्सकों से सलाह लें। कार्यक्रम का उद्घाटन पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की मंत्री रमा निषाद ने करते हुए कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आज के समय में बहुत ही जरूरी हैं। इससे लोगों में जागरूकता आयेगी। स्त्री रोग विशेषज्ञ डा.रूमा गोवास्मी ने सभी महिलाओं को स्तन के स्व:परीक्षण और 40 से अधिक उम्र में साल में एक बार मैमोग्राफी जांच करवाने की बात कहीं हैं। कार्यक्रम में पूर्व डीजीपी विनय कुमार, भाजपा नेता मृत्युजंय तिवारी समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

दुकान पर बैठे युवक को ईंट से मारकर किया जख्मी

हवेली खड़गपुर (आससे)। नगर क्षेत्र के छोटी मंझगाय गांव में आपसी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट में एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मिली जानकारी के अनुसार छोटी मंझगाय निवासी अजीत कुमार गांव की ही एक दुकान पर बैठा हुआ था। इसी दौरान गांव के ही विनोदी यादव का पुत्र निर्मल कुमार उसके साथ गाली-गलौच करने लगा। अजीत कुमार ने बताया कि जब वह निर्मल की इस हरकत की शिकायत करने उसके घर गया तो इससे गुस्साए निर्मल ने उस पर अचानक ईंट से अजीत के सिर पर वार कर दिया।

'ईमानदारी और सादगी की मिसाल थे परमेश्वर बाबू'

पटना (आससे)। गरीबों, दलितों,वंचितों के साथ-साथ शिक्षक और छात्रों की मुखर आवाज रहे पूर्व विधान पार्षद कॉमरेड परमेश्वर की 31 वीं पुण्यतिथि बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ में रविवार को समारोहपूर्वक मनायी गयी। सर्वप्रथम उपस्थित लोगों ने उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धंजलि दी। तत्पश्चात उनके बताये गये रास्ते पर चलकर उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने का संकल्प लिया। इस मौके पर पूर्व सांसद शत्रुघ्न प्रसाद सिंह ने कहा कि श्रद्धेय परमेश्वर बाबू ईमानदारी और सादगी की मिसाल थे। उन्होंने अपने विचारों से कभी समझौता नहीं किया। उन्होने जो बात कह दी,उससे कभी विमुख नहीं होते



थे। पूर्व प्रधानाध्यापक इंदुशेखर मिश्र ने कहा कि परमेश्वर बाबू की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि जो भी उनके समक्ष गया,उनकी बातों से प्रभावित होकर वह उनका हो जाता था। उन्होंने कहा कि आज हम सभी लोगों को उनकी कमी खल रही है। इस अवसर पर ब्रह्मेश्वर शर्मा,विजय कुमार सिंह,पारस जी एवं चंद्रदेव वर्मा भी उपस्थित थे। इसके अलावा चकबैरिया स्थित उनके पैतृक आवास,एमएलसी कॉलोनी तथा उनकी कर्मभूमि सिल्ली, रांची में भी समारोह आयोजित कर उन्हें शिद्दत से याद किया गया।

इस मौके पर बिरेश कुमार आजाद, ऋत्विक, श्रीकांत, महेश्वरी, विनोद सिंह, रामपुकार सिंह, प्रशांत कुमार, निरज कुमार आदि लोगों ने उपस्थित होकर पुष्प अर्पित किया।

युवक की बेरहमी से पिटाई

गयाजी। जिले के बुनियादगंज थाना क्षेत्र में खेत पर गाली-गलौज करने का विरोध करने पर एक युवक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। 16 अक्टूबर 2026 को पीड़ितने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि वह अपने खेत पर था।

जड़ें भले राजस्थान और हरियाणा में हैं, दिल बिहार के लिये धड़कता है

20 दिसम्बर प्रस्तावित 'जागृति सामाजिक चेतना समागम' को लेकर बैठक

पटना(आससे)। बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा आगामी 20 दिसम्बर को पटना में आहूत 'जागृति सामाजिक चेतना समागम' के आयोजन की तैयारी को लेकर समीक्षा पर चर्चा हेतु 25 अक्टूबर रविवार को दिन में महाराणा प्रताप भवन, मछुआटोली में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई ।जिसकी अध्यक्षता बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष राकेश कुमार अग्रवाल बंसल ने की। बैठक में प्रादेशिक कार्यकारिणी के सभी पदाधिकरियों, सदस्यों, सभी शाखाओं के अध्यक्ष एवं मंत्रियों ने भाग लिया । प्रेस वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष श्री बंसल ने कहा कि हम वो समाज हैं जो लगभग 250 साल पहले राजस्थान एवं हरियाणा से बिहार आए। हमने यहाँ व्यापार किया, फैक्ट्री लगाई, मंदिर-धर्मशाला बनाई। हमने बिहार को अपना घर मानाऔर बिहार ने भी हमें मान सम्मान दिया ।कुछ लोगों को लगेगा यह जातिवाद है, बिल्कुल भी नहीं। ये अपनी पहचान बचाने की लड़ाई है। हम किसी के विरोध में नहीं, हम अपने अस्तित्व के लिए खड़े हो रहे



हैं। हम सबको साथ लेकर चलने वाले लोग हैं।


हम राष्ट्रवाद और विकास के साथ रहे हैं और चुनावों में कभी हमें आबादी के हिसाब से भागीदारी नहीं मिली। आप मीडिया साथी हमारी आवाज बनें। आप इसे सरकार तक पहुँचाइये। हमारी जड़ें भले ही राजस्थान और हरियाणा में हैं लेकिन दिल बिहार के लिये धड़कता है ।मारवाड़ीपन हमारी शान है।

बिहार की जाति सूची में अग्रवाल, ओसवाल, माहेश्वरी, खंडेलवाल, बाह्मण को स्पष्ट रूप से मारवाड़ी समाज के अंतर्गत दर्ज किया जाए।

समारोह में रमेश मोदी, रंदीप झुनझुनवाला,राजेश बजाज रमेश गुप्ता,राधेश्याम बंसल, विष्णु सुरेका, गणेश खेतरिवाल,महेश जैन ,अजय टिबरेवाल, सुनील मोर ,सुभाष अग्रवाल ,महावीर बिदेसारिया, शंभू अग्रवाल, विनोद केजरीवाल, योगेश तुलस्यान, कृष्ण कुमार लाखोटिया, डा. संजय संथालिया,हनुमान सहाय गोयल, किशन अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य लोगों ने चर्चा में भाग लिया।

कलयुगी पुत्र ने माता-पिता को बेरहमी से पीटा

छौड़ाही(आससे)। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सावंत अंतर्गत गांव छौराही, वार्ड संख्या ११ में कलयुगी पुत्र और पुत्रवधू के द्वारा माता-पिता को बेरहमी से पिटाई करने का



मामला प्रकाश में आया है।

जानकारी देते पीड़ित पिता उक्त गांव निवासी राम सोगारथ महतो पिता सोमन महतो ने बताया कि रविवार अहले मेरा पुत्र मनोज महतो, राजा महता, पुत्रवधू रूना देवी मेरे और मेरी पत्नी के साथ बेरहमी से मारपीट किया है। दुकान के छत को डंडा और ईंट से तोड़ कर चकनाचूर कर दिया है। मेरे जीने का एकमात्र सहारा दुकान ही था जिसे आज नष्ट कर दिया है। पीड़ित ने लिखित आवेदन देकर थाना में न्याय की गुहार लगाई है। थाना अध्यक्ष परेंद्र कुमार ने जानकारी देते बताया कि पिता पुत्र का मामला है आवेदन मिला है जांचोंपरान्त कार्रवाई की जाएगी।

वर्गीकृत

शपथ पत्र

मैं, विनय कुमार पिता गुलाब चंद्र ठाकुर मुहल्ला खुरमाबाद थाना सिवान (मु) जिला सिवान शपथ कर्ता के पुत्र का नाम आधार कार्ड नं.-302240372665 में भूलवश दुर्गेश ठाकुर हो गया है, परन्तु मूलरुप से शपथकर्ता के पुत्र का नाम अक्षत कुमार है। शपथकर्ता के पुत्र दुर्गेश ठाकुर को अब अक्षत कुमार के नाम से जाना जाएगा। अक्षत कुमार व दुर्गेश ठाकुर एक ही लड़के का नाम है। शपथ पत्र संख्या 86 दिनांक 15.10.2026.

9/484/26

शपथ पत्र

मैं, मृत्यंजय कुमार भक्त MRITUNJAY KUMAR BHAKT पिता शिवनाथ प्रसाद SHEO NATH PRASAD साकिन-रकौली, पो.-संठी, थाना-रघुनाथपुर, जिला-सिवान का निवासी हूं। शपथपूर्वक निम्नलिखित निवेदन करता हूं कि शपथकर्ता के आधार कार्ड सं.-3130 1485 4261 है। शपथकर्ता का ड्राईवरी लाइसेन्स जिला परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश से बना है, जो लाइसेन्स नं.-UP52-20110000438 जो ट्रान्सफर कर बिहार सिवान में आया है। शपथकर्ता का ड्राइवरी लाईसेन्स बना है उसमें शपथकर्ता के पिता का नाम अंग्रेजी में SHEO NATH PRASAD सही है जो गलती से SHIV NATH PRASAD हो गया है जो सुधार करना जरूरी है जो SHIV का सुधार कर SHEO सही करना है। शपथ पत्र सं.-4101 दि. 14.10.26

9/484/26

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके संबंध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबंधक

पेड़ से टकरायी बाइक, युवक की मौत

नौतन। थाना क्षेत्र के खड्डा कुंजलही गांव के शेख टोली निवासी 20 वर्षीय शेख साजिश अली की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। शनिवार की रात करीब 11 बजे मझौलिया के बिनवलिया पुल के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में युवक की जान चली गई। घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मिली जानकारी के अनुसार, शेख साजिश अली अपने गांव से मझौलिया में मेला देखने जा रहा था। इसी दौरान बिनवलिया पुल के पास यह हादसा हो गया। साजिश इंटरमीडिएट की पढ़ाई कर रहा था। कम उम्र में उसकी असमय मौत से परिवार के सपने बिखर गए हैं। मृतक अपने तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उसके परिवार में एक बहन भी है। घर के बड़े बेटे की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मां रेहाना बेगम सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के लोग भी इस घटना से मर्माहत हैं। जिस उम्र में साजिश को अपनी पढ़ाई पूरी कर भविष्य संवारना था, उस उम्र में उसकी जिंदगी का सफर अचानक थम गया।घटना की सूचना मिलने पर नौतन पुलिस कुंजलही के शेख टोली गांव पहुंची और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने मृतक की मां रेहाना बेगम से आवेदन प्राप्त कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। सामाजिक संदेश सड़क पर थोड़ी-सी लापरवाही भी किसी परिवार की खुशियां छीन सकती है। बाइक चलाते समय गति पर नियंत्रण, यातायात नियमों का पालन और पूरी सावधानी बरतना जरूरी है, ताकि किसी मां की गोद सूनी न हो और किसी परिवार का सहारा असमय न छिने।

तालाब में लाश मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी

मनीगाछी ((आससे)। नेहरा थाना क्षेत्र के राघोपुर पश्चिमी पंचायत स्थित कायस्थ कबई गाँव के बासुदास पोखर में रविवार की सुबह एक पुरूष की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। लाश ज्यादा दिनों के होने के कारण उससे दुर्गंध आ रही थी। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना नेहरा थाना को दिया। नेहरा थानाध्यक्ष मोती कुमार ने सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंच कर लाश को अपने कब्जे में लेकर इसकी सूचना वरीय अधिकारियों को दिया। लाश को देखने से लग रहा था कि तीन चार दिन पहले की घटना होगी ।क्योंकि लाश पूरी तरह सूज कर फूल गया था ।जिसके कारण पहचान में नहीं आ रही थी। साथ ही लाश से काफी दुर्गंध आ रही थी। घटनास्थल पर बेनीपुर एसडीपीओ बासुकीनाथ झा पहुंच ।

बिहार में डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र अभियान 5.0 का आयोजन

(आज समाचार सेवा)

पटना। संचार मंत्रालय, भारत सरकार के दूरसंचार विभाग के अंतर्गत कार्यालय संचार लेखा नियंत्रक, बिहार सर्किल, पटना द्वारा क्वस्हरु के पेंशनभोगियों एवं पारिवारिक पेंशनभोगियों की सुविधा हेतु दिनांक 01 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र (डीएलसी) अभियान 5.0 का आयोजन किया जा रहा है। ए. आई. हैदरी, संचार लेखा नियंत्रक, बिहार सर्किल, पटना के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पेंशनभोगियों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों को वार्षिक जीवन प्रमाण-पत्र जमा करने की प्रक्रिया को सरल, सुविधाजनक एवं डिजिटल बनाना है, ताकि उन्हें इस कार्य के लिए अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। इस अभियान के अंतर्गत बिहार के विभिन्न जिलों एवं निर्धारित स्थानों पर विशेष जीवन प्रमाण-पत्र शिविरों (एलसी कैम्प्स)का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में क्वस्हरु पेंशनभोगियों एवं पारिवारिक पेंशनभोगियों को डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र तैयार करने एवं जमा करने में आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी। साथ ही, उन्हें डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र की सुविधा तथा फेस ऑथेंटिकेशन जैसी आधुनिक तकनीकों के उपयोग के संबंध में भी जागरूक किया जाएगा। ए. आई. हैदरी, संचार लेखा नियंत्रक, बिहार सर्किल, पटना के मार्गदर्शन में इस अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर श्री रोशन कुमार, सहायक लेखाधिकारी सहित कार्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी अभियान को सफल बनाने हेतु कार्यरत हैं।

कार्यालय द्वारा संबंधित बीएसएनएल अधिकारियों एवं क्षेत्रीय कार्यालयों के समन्वय से शिविरों के सफल आयोजन हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। शिविरों की जानकारी पेंशनभोगियों एवं उनके संबंधित कार्यालयों तक स्स्रू, ई-मेल, पत्र तथा अन्य संचार माध्यमों से पहुंचाई जा रही है।

ताकि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थी इस अभियान का लाभ उठा सकें। इस अभियान के सफल संचालन एवं समन्वय हेतु श्री नीलांजन सामंत को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

सरकारी राइफल के साथ रील बनाना पड़ा भारी, महिला सिपाही निलंबित

शिवहर। एसपी ने सरकारी राइफल से रील बनाने के आरोप में शिवहर जिलांतर्गत कार्यरत महिला सिपाही/ 503 प्रियंका कुमारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार, महिला सिपाही द्वारा स्वयं एवं अपनी बहन के साथ सरकारी राईफल के साथ मनोरंजन आधारित गाने पर रील बनाते हुए वीडियो निजी सोशल मीडिया पर डाला जा रहा था।

सूचना प्राप्त होते ही पुलिस अधीक्षक शेलेंद्र सिंह शिवहर द्वारा जांच के निर्देश दिए गए। जांचोपरांत आरोपों को सत्य पाया गया। साथ ही पुलिस अधीक्षक, नवादा द्वारा भी इस संबंध में जांच कर अनुशासनिक कार्रवाई हेतु अनुशंसा की गई है। पुलिस महानिदेशक बिहार, पटना एवं बिहार पुलिस मुख्यालय पटना के द्वारा कर्तव्य स्थल पर मोबाईल फोन इस्तेमाल करने हेतु दिशा-निर्देश जारी किया गया है। साथ ही किसी भी पुलिस पदाधिकारी व कर्मी के द्वारा निजी सोशल मीडिया पर सरकारी संपत्ति का प्रदर्शन पूर्णत: वर्जित है।

इसी आदेश के उल्लंघन में महिला सिपाही को निलंबित किया गया है। साथ ही शिवहर जिलाबल के सभी पुलिस पदाधिकारी व कर्मी को सचेत किया जाता है कि बिहार पुलिस मुख्यालय द्वारा सोशल मीडिया के प्रयोग से संबंधित निर्गत दिशा-निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

स्कॉर्पियो से 55 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद

चिरैया (आससे)। चिरैया थाना क्षेत्र में पुलिस ने शराब के खिलाफ दो अलग-अलग कार्रवाइयों में 58.78 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। कटकुईयां गांव में स्कॉर्पियो से 55 लीटर शराब मिली, जबकि महुआवा गांव में बाइक की डिक्की से 3.78 लीटर शराब बरामद हुई। इस दौरान बाइक सवार युवक को गिरफ्तार किया गया, जबकि स्कॉर्पियो चालक फरार हो गया।थानाध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कटकुईयां गांव स्थित पंचायत भवन के समीप स्कॉर्पियो की तलाशी ली। इस दौरान रॉयल स्टैग ब्रांड की 55 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पुलिस को देखते ही चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने स्कॉर्पियो जब्त कर ली है और फरार चालक की पहचान में जुटी है।

कार्यालय, अनुमंडल पदाधिकारी बखरी

आम सूचना

समाहर्ता, बेगूसराय के पत्रांक-२१०७/रा०, दिनांक-२२/०६/२०२६ के आलोक में एवं माननीय उच्च न्यायालय, पटना के डब्ल्यू.पी.सी.नं०-१७३२२/२०२२ के दिशा निर्देशानुसार श्री वैष्णवी दुर्गा मंदिर मक्खाचक, वार्ड नं०-२०, नगर परिषद बखरी, थाना-बखरी, जिला-बेगूसराय की व्यवस्था हेतु न्यास समिति के गठन के लिये सभी इच्छुक योग्य व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है। सभी योग्य इच्छुक व्यक्ति वांछित कागजातों के साथ अनुमंडल पदाधिकारी, बखरी के कार्यालय में दिनांक-२७/१०/२०२६ से ०३/११/२०२६ तक आवेदन जमा कर सकते हैं।

निवेदक
जिला प्रशासन
बेगूसराय।